डा. हरिशंकर मिश्र को मिला सर्विस एक्सीलेंस अवार्ड

जासं, पीलीभीत : ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं चिकित्सालय में द्रव्य गुण विभाग में प्रवक्ता एवं वरिष्ठ चिकित्सक वैद्य (डा.) हरिशंकर मिश्र को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सर्विस एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

प्रयागराज में गत दिवस आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में विश्व आयुर्वेद मिशन की ओर से यह अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर डा. मिश्र और उनके छात्र रहे चिकित्साधिकारी डा. अवनीश पांडेय की ओर से लिखी पुस्तक ' द ग्रासेज ए मेडिसिनल रिपोजिटरी का विमोचन न्यायमूर्ति विजय लक्ष्मी, अपर मेला अधिकारी महाकुंभ 2025 डा. विवेक चतुर्वेदी एवं विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष डा. जीएस तोमर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डा. मिश्र के अनुसार इस पुस्तक में जीर्ण रोगों की चिकित्सा में उपयोगी घासों के बारे में विस्तार से बताया गया है। डा. मिश्र को औषधीय जड़ी-बूटी का विशेष अनुभव है।

उन्होंने विशेषज्ञ के तौर पर आयुर्वेद में विभिन्न पुरानी और कठिन बीमारियों का इलाज किया है। उन्होंने 25 से अधिक पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों का गाइड के तौर पर मार्गदर्शन किया है। मूलतः जनपद लखीमपुर खीरी के रहने वाले डा. मिश्र को एमडी एवं पीएचडी की उपाधि प्राप्त है। उन्होंने आदिवासी लोक चिकित्सा एवं ट्रेडिशनल मेडिसन को अपने कार्य क्षेत्र के रूप में चुना। विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में उनके 50 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

अवार्ड प्राप्त करते वरिष्ठ चिकित्सक डा. हरि शंकर मिश्र • सौजन्य से स्वयं

Lalit Hari State Post Graduate Ayurveda College and Hospital
Pilibhit, Uttar Pradesh

Details of Awards Achieve by Faculty and Students

S.N.	Faculty / Student	Award /Agency
1.	Dr. Hari Shanker Mishra, Reader, PG Department of Dravyaguna	Service Excellence Award, Vishwa Ayurveda Mission
2.	Sakshi Kulshreshtha, BAMS Batch 2017	Meritorious Student Award, Himalaya Drug Company
3.	Karishma Verma, BAMS Batch 2017	Meritorious Student Award, Himalaya Drug Company
4.	Garima Tiwari, BAMS Batch 2021	Meritorious Student Award, Vishwa Ayurveda Parishad
5.	Neha Kumari, BAMS Batch 2021	Meritorious Student Award, Vishwa Ayurveda Parishad
6.	Kajal Pandey, BAMS Batch 2021	Meritorious Student Award, Vishwa Ayurveda Parishad